टाइगर रिजर्व क्षेत्र में गिद्धों की संख्या में इजाफा

विलुप्त माने जाने वाले गिद्धों की वर्ष -2026 की गणना में 179 मिली संख्या, गिद्धों की सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह अलर्ट

नवभारत न्यूज

सीधी 31 जुलाई। संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र सीधी में विलुप्त प्राय माने जाने वाले गिद्धों की वर्ष 2026 की गणना में 179 संख्या मिलने से विभागीय अमले में खुशी की लहर है।

दरअसल पिछले वर्ष के मुकाबले में गिद्धों की संख्या में 25 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ है। संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में गिद्धों की संख्या में इजाफा होने का मुख्य कारण यहां के पर्यावरण संतुलन एवं अनुकूल वातावरण मुख्य है। जानकारों के अनुसार पिछले दो दशकों में गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इसका प्रमुख कारण पशु चिकित्सा में उपयोग की जाने वाली डिक्लोफेनिक दवा रही है जो मृत पशुओं के मांस के साथ गिद्धों के शरीर में पहुंचकर उनकी किडनी फेल कर देती है। वर्ष 2008 में इस दवा पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद इसके दुष्प्रभाव लंबे समय तक देखे गए। इसके अलावा हाईटेंशन बिजली टावरों और करंट प्रवाहित तारों से टकराने के कारण भी गिद्धों की मौत और पलायन की घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में संजय टाईगर रिजर्व सीधी क्षेत्र में विलुप्त प्राय प्रजाति माने जाने वाले गिद्धों की संख्या बढ़ना इस बात के संकेत हैं कि क्षेत्र में इनके लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है। संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में पक्षियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जिससे वन प्रबंधन काफी उत्साहित है। विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी दुर्लभ प्रजाति गिद्ध सघन वन क्षेत्रों के आसपास देखे जाते हैं। इस वर्ष फरवरी 2026 में 3 दिवसीय गिद्धों की गणना संजय टाईगर रिजर्व सीधी की ओर से कराई गई। 20, 21 एवं 22 फरवरी को हुई गणना में टाईगर रिजर्व क्षेत्र के सभी रेंज क्षेत्रों को शामिल किया गया था। 22 फरवरी की गणना को विभागीय आंकड़े में शामिल किया गया है। उक्त गणना के अनुसार संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में गिद्धों की संख्या 179 दर्ज की गई है।

टाइगर रिजर्व के 9 वन रेंजों में हुई गणना

यह गणना टाईगर रिजर्व के 9 वन रेंज क्षेत्रों में हुई। गणना के पश्चात ब्यौहारी रेंज में 1, दुबरी में 42, वस्तुआ में 1, मड़वास में 0, पोंड़ी में 0, टमसार में 3, मोहन रेंज में 54, भुईमाड़ में 0 एवं बगदरा में 78 गिद्ध मिले। इस तरह गणना में कुल 179 गिद्ध पाए गए। सफेद पुच्छेवाला दुर्लभ प्रजाति के 6 गिद्ध दुबरी एवं 10 बगदरा में पाए गए हैं। मिस्त्री गिद्ध प्रजाति के 3 गिद्ध टमसार एवं 6 बगदरा में मिले हैं। भारतीय लंबी चोंच वाले गिद्ध दुबरी में 36, बस्तुआ में 2, ब्यौहारी में 1, मोहन में 54 एवं बगदरा में 62 मिले हैं। इस तरह संजय टाईगर रिजर्व में कुल 3 प्रकार के गिद्ध गणना में मिले हैं। यह माना जा रहा है कि दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों की संख्या आने वाले समय में और बढ़ सकती है। विभाग के अनुसार गिद्धों की कुल 7 प्रजाति के गिद्ध भारत में पाए जाते हैं।

इनका कहना है

संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र के 9 रेंजों में 20, 21 एवं 22 फरवरी को गिद्धों की गणना की गई थी। गणना के पश्चात फाइनल आंकड़े में गिद्धों की संख्या 179 दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष गिद्धों की संख्या बढ़ना काफी सुखद है। आंकड़ों से साफ है कि संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में विलुप्त प्राय: माने जाने वाले गिद्धों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।

सुधीर मिश्रा, सहायक संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी

नपा ने चलाया कचरा पृथक्करण जागरुकता अभियान

सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ के तहत शहर में चला अभियान

नवभारत न्यूज

सीधी 31 जुलाई। जिला कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश एवं सीएमओ महमूद हसन के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर कचरा पृथक्करण को लेकर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत मुखर्जी कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों एवं दुकानदारों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप चार रंग के डस्टबिन के वैज्ञानिक उपयोग की जानकारी दी गई। उन्हें अपने प्रतिष्ठानों के बाहर गीले, सूखे, सैनिटरी एवं खतरनाक कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने तथा कचरा सड़क पर न फैलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार जुर्माना लगाए जाने की जानकारी भी दी गई। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक-6 स्थित एक्सीलेंस स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को 4 बिन सेग्रीगेशन प्रणाली की विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता की शपथ लिया। अभियान के दौरान बताया गया कि हरा डस्टबिन गीले कचरे, नीला डस्टबिन सूखे एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरे, पीला डस्टबिन सैनिटरी अपशिष्ट तथा काला डस्टबिन खतरनाक कचरे जैसे बल्ब, दवाइयों एवं ई-वेस्ट के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। नगर पालिका परिषद सीधी ने सभी नागरिकों, दुकानदारों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ शहर का निर्माण जनसहयोग से ही संभव है। प्रत्येक नागरिक कचरे का पृथक्करण कर और स्वच्छता के नियमों का पालन कर इस अभियान को सफल बना सकता है।

संतोष सिंह बने व्यापारी संघ के नगर अध्यक्ष, अमित गुप्ता सचिव नियुक्त

नवभारत न्यूज

सीधी 31 जुलाई। बीते गुरुवार को व्यापारी संघ सीधी की नगर इकाई की बैठक गंगोत्री रिजॉर्ट में आयोजित की गई, जिसमें जिले में सीधी शहर को मिलाकर 23 मंडल बनाए गए।

उसी तारतम्य में नगर व्यापारी संघ का गठन सर्वसम्मत से किया गया, जिसमें कई नाम के चर्चाओं के बाद संतोष सिंह को अध्यक्ष एवं अमित गुप्ता गुड्डू को सचिव नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व नपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, संरक्षक कन्हैया सिंह, सलाहकार समिति सदस्य विनय सिंह परिहार, दिलीप सितानी, राजेन्द्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा, पंकज सिंह चौहान, कोर कमेटी सदस्य सुशील अग्रवानी, कोषाध्यक्ष आर.के.गुप्ता, संयुक्त सचिव सुमित जायसवाल, सहसचिव पुष्पराज मिश्रा व आजम खान, मीडिया प्रभारी दयाशंकर वर्मा, कार्यकारणी सदस्य मो.इद्रीश, हरिहर सोनी, भैयालाल गुप्ता, नीतेश गिरी, केडी साकेत, विवेक सिंह बजरंगी, कांतिलाल सोनी, विनोद सिंह परिहार, मार्तण्ड मिश्रा, नगर के कोषाध्यक्ष रोशनलाल गुप्ता एवं समस्त व्यापारी साथी उपस्थित रहे।

कार्यकारिणी सम्मेलन कल

जिले के गंगोत्री रिसोर्ट में 2 अगस्त को सीधी जिले भर के 23 मंडल के कार्यकारिणी सदस्य एवं जिले की कार्यकारिणी के साथ पूरे जिले भर से प्रमुख व्यापारियों एवं रीवा संभाग व शहडोल संभाग के समस्त जिलों के व्यापारी संघ के शहर अध्यक्ष इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, निर्णय वापस लेने की मांग

नवभारत न्यूज

सीधी 31 जुलाई। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा मंडी उत्पाद शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में म.प्र. कांग्रेस कमेटी उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ भोपाल तथा जिला कांग्रेस कमेटी सीधी अध्यक्ष ज्ञान सिंह के निर्देशानुसार कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मंडी कार्यालय सीधी पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मंडी शुल्क को 1.5 प्रतिशत किए जाने के निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि मंडी शुल्क में वृद्धि से किसानों और व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जिससे कृषि एवं व्यापार दोनों क्षेत्र प्रभावित होंगे। कांग्रेस ने मांग की कि मंडी शुल्क संबंधी किसी भी नई नीति को लागू करने से पूर्व व्यापारी संगठनों, किसान प्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाए। साथ ही ऐसी व्यापार एवं कृषि नीति बनाई जाए जिससे किसानों और व्यापारियों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक भार न पड़े। भविष्य में शुल्क वृद्धि अथवा नीतिगत परिवर्तन से पहले सभी संबंधित पक्षों के साथ विस्तृत विमर्श सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सीधी उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, महासचिव जय सिंह, सचिव उमेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक सिंह, उपाध्यक्ष सानेन्द्र सिंह, शुभम पटेल, राहुल पाण्डेय, सद्दाम पाण्डेय सहित अनेक कांग्रेसजन, व्यापारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर में

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कार्यशाला आयोजित

सीधी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में शुक्रवार को स्वयम पोर्टल पंजीयन विषयक कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक-126 में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .प्रभाकर सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ .प्रभाकर सिंह ने स्वयम पोर्टल की अनिवार्यता, इसकी प्रमुख विशेषताओं तथा विद्यार्थियों के लिए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यशाला में डॉ .आई .पी .प्रजापति, गंगा बैरागी ने ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के महत्व पर जानकारी दी, जबकि डॉ .विद्याचरण द्विवेदी ने स्वयम पोर्टल पर पंजीयन की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में स्वयम पोर्टल प्रभारी डॉ .भोला सिंह कुशराम, डॉ .विनोद साकेत, डॉ .उमेश कुमार सोनी, डॉ .अनिरुद्ध प्रजापति, डॉ .पुष्पेंद्र शाह सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिले में आज लगेंगे अंत्योदय स्वास्थ्य शिविर

सीधी। जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1 अगस्त 2026 को जिले के पांच स्थानों पर अंत्योदय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण, विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के साथ पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि जनपद पंचायत कुसमी के ग्राम पंचायत गडुआधार धुम्माडोल, मझौली के खडौरा, रामपुर नैकिन के मझिगवां, सीधी के शिवपुरवा क्रमांक-1 तथा सिहावल के हटवाखास में प्रात: 8 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के सफल संचालन के लिए संबंधित सीडीपीओ एवं बीएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण की सुविधा का लाभ लेने के लिए शिविर में आधार कार्ड एवं समग्र आईडी अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं।

जिले में हाइब्रिड मोड में शुरू हुआ उर्वरक वितरण

सीधी। जिले में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए खाद वितरण व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से हाइब्रिड मोड में लागू कर दिया गया है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत जिले की सभी सहकारी समितियों एवं डबल लॉक केंद्रों पर पारदर्शी तरीके से उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कलेक्टर विकास मिश्रा ने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को सभी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को यूरिया सहित अन्य आवश्यक उर्वरक बिना किसी परेशानी के समय पर उपलब्ध हो सकें। उप संचालक ने बताया कि हाइब्रिड वितरण व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ यह है कि तकनीकी समस्या अथवा सर्वर डाउन होने की स्थिति में भी खाद वितरण बाधित नहीं होगा। इसके लिए सभी विक्रय केन्द्रों को निर्देशित किया गया है कि 30 जुलाई 2026 से आगामी आदेश तक किसानों को किए जाने वाले प्रत्येक उर्वरक विक्रय का अभिलेख अनिवार्य रूप से संधारित करें। इसमें किसान के आधार कार्ड की छायाप्रति, मोबाइल नम्बर तथा कम्पनीवार वितरित उर्वरक की मात्रा का विवरण दर्ज किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि जिले में यूरिया, एनपीके, एसएसपी सहित अन्य उर्वरकों का पर्याप्त भण्डार उपलब्ध है। खरीफ सीजन में फसलों की बोनी को देखते हुए रेक प्वाइंट से लगातार उर्वरकों का भण्डारण कराया जा रहा है। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार निकटतम डबल लॉक केंद्र, सहकारी समिति अथवा अधिकृत निजी उर्वरक विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

जिले में डिप्टी कलेक्टरों के बीच कार्यों का नया बंटवारा

नवभारत न्यूज

सीधी 31 जुलाई। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विकास मिश्रा ने प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी एवं सुचारु संचालन के उद्देश्य से संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदारों के बीच नवीन कार्य विभाजन आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश प्रभारी डिप्टी कलेक्टर आर.पी.त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने तथा डिप्टी कलेक्टर सागर जैन एवं स्वर्णा दीवान के प्रशिक्षण उपरांत कार्यभार ग्रहण करने के बाद जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार पाण्डेय को उपखण्ड मजिस्ट्रेट मझौली का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक को एसडीएम गोपद बनास बनाया गया है तथा उन्हें भू-अभिलेख, भू-प्रबंधन, नजूल एवं जिला शहरी विकास अभिकरण से जुड़े कार्यों का प्रभार भी दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर (परिवीक्षाधीन) सागर जैन को एसडीएम कुसमी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर (परिवीक्षाधीन) स्वर्णा दीवान को जिला आपूर्ति अधिकारी के साथ राजस्व राहत, सीएम हेल्पलाइन, जनसंपर्क निधि, व्यवहारवाद, कार्यालय अधीक्षक एवं अन्य शाखाओं का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा प्रभारी तहसीलदार (नजूल) मीनाक्षी जायसवाल को जनसुनवाई, आवक-जावक, टाइपिंग एवं कम्प्यूटर शाखा, जनगणना-2027, वन-व्यवस्थापन, प्रतिलिपि शाखा, अल्प बचत, संस्थागत वित्तीय एवं सामान्य अभिलेखागार सहित विभिन्न शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर

सीधी। दिव्यांगजनों को रोजगार परक कौशल विकसित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से डॉ. रेड्डी फाउंडेशन एवं एसआरएलएम सीधी के संयुक्त सहयोग से भोपाल स्थित डॉ.रेड्डी फाउंडेशन केन्द्र में दो माह का नि:शुल्क कौशल एवं रोजगार प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बताया कि शिविर में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा दिव्यांगजनों को करियर परामर्श, सॉफ्ट स्किल, लाइफ स्किल तथा रोजगार के लिए तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

जपं रामपुर नैकिन के सीईओ का सम्मान एवं भावभीनी विदाई समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

रामपुर नैकिन 31 जुलाई। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के सीईओ राजीव कुमार तिवारी के डिप्टी कमिश्नर पद पर पदोन्नति होने पर गुरुवार को जनपद कार्यालय परिसर में सम्मान एवं भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में जनप्रतिनधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री तिवारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजीव कुमार तिवारी ने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों को गति देने, पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य बसंत मिश्रा, आशीष अग्निहोत्री, उर्मिला साकेत, अल्पना, राजकुमार साकेत, हीरा सिंह, जवाहर सिंह, रजनी आशीष तिवारी अध्यक्ष सरपंच संघ रामपुर नैकिन, सरपंच चोभरा दिग्विजय सिंह, सचिव सुनील सिंह, सुरेन्द पाण्डेय, शेषमनि गुप्ता, दयाशंकर मिश्रा, संजय सिंह, वेद प्रकाश अग्निहोत्री, पुष्पेंद्र पाण्डेय भेलकी, सचिव रवि पाण्डेय, सुजीत शुक्ला, संतोष मिश्रा, पशुपतिनाथ द्विवेदी, बीपीओ द्विवेदी, मनोज निगम बीसी आवास, बृहस्पति साहू लेखापाल, अर्जुन सिंह सहित जनपद पंचायत रामपुर नैकिन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

संत गुरु रविदास के संदेश को लेकर कलश रथ यात्रा पहुंची सीधी, हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

सीधी 31 जुलाई। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर समरसता संकल्प अभियान अंतर्गत म.प्र. प्रदेश महामंत्री एवं शोभा यात्रा प्रभारी सुमेर सिंह सोलंकी के अगुवाई में बनारस से प्रारंभ हुई। जिसके सीधी आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के नेतृत्व एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के गरिमामय उपस्थिति में स्वागत एवं पूजन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने बताया कि संत रविदास जी के समरसता, समानता, मानवता और सामाजिक सद्भाव के संदेश को लेकर रथ यात्रा का नगर आगमन हुआ है जो हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। रथ यात्रा में कलश स्थापित है जो पूरे देश का भ्रमण करने के पश्चात विभिन्न गांव में कलश पहुंचेगा। जिसके माध्यम से संत शिरोमणि रविदास जी की जीवन प्रसंगों पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम भाजपा आयोजित करेगी। यात्रा का विभिन्न मंडलों में शानदार स्वागत हुआ। इसके पश्चात यात्रा रीवा जिले के लिए प्रस्थान हो गई। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष और अभियान प्रभारी शिवदान साकेत, विश्वबंधु धर द्विवेदी, मनीला सिंह, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, राम प्रसाद वैश्य, मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदंबा सोनी, पूनम सोनी, राकेश मौर्य सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और उपस्थित रहे।

एएनसी पंजीयन में न्यून प्रगति पर स्वास्थ्य विभाग की दिखी सख्ती

संभागायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की जिला एवं विकासखण्डवार समीक्षा, सीएचओ-एएनएम को कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

सीधी 31 जुलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार खरे ने बताया कि रीवा संभाग आयुक्त द्वारा 30 जुलाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई जिला एवं ब्लॉकवार समीक्षा बैठक में सीधी जिले में एएनसी पंजीयन की स्थिति सबसे कम पाई गई और विशेषकर विकासखंड रामपुर नैकिन की उपलब्धि अत्यंत कम रही, जिस पर नाराजगी व्यक्त की गई थी।

संभाग आयुक्त के निर्देशों के पालन में बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर नैकिन डॉ.प्रेरणा पाठक ने तत्काल कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डॉ.खरे ने बताया कि बीएमओ डॉ.प्रेरणा पाठक द्वारा जारी पत्र में धनहा, शिकारगंज, खड्डी, बाघड़, बघवार, कुडिया, भितरी, डढ़िया, सर्रा, मुर्तला, सतोहरी और कंधवार उप स्वास्थ्य केन्द्रों के सीएचओ और एएनएम को निर्देशित किया गया है। पत्र में कहा गया है कि सब सेंटर वाइज समीक्षा में आपके क्लस्टर की उपलब्धि अनुपातिक लक्ष्य के विरुद्ध 60 प्रतिशत से भी कम है जबकि 90 प्रतिशत से कम उपलब्धि किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। सभी को 3 दिवस के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है। समय-सीमा में संतोषप्रद जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए वरिष्ठ कार्यालय को लेख किया जाएगा। एक अन्य पत्र में बीएमओ ने समस्त सेक्टर

सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को निर्देशित किया है कि क्लस्टर अंतर्गत जितनी भी एएनसी पंजीकृत नहीं हैं आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रिकॉर्ड प्राप्त कर अनमोल पोर्टल पर 2 दिन में पंजीयन किया जाए। 5 अगस्त को जिला स्तर पर समीक्षा बैठक प्रस्तावित है। डॉ.खरे ने बताया कि संभाग आयुक्त के निर्देशानुसार क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा संभाग डॉ.जी.एस.परिहार की अध्यक्षता में शाम 4 बजे एनएचएम सभागार जिला सीधी में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में यह भी बताया गया कि शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर द्वारा कैंसर की स्क्रीनिंग हेतु स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सीएचओ, एएनएम, आशा सहयोगी एवं आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। प्रशिक्षण का कार्यक्रम सिहावल में 1 अगस्त सुबह 10:30 बजे बमुरी स्कूल में, सीधी में दोपहर 3 बजे जिला पंचायत सीधी में, कुशमी में 2 अगस्त को सुबह 10:30 बजे टमसार स्कूल में, मझौली में दोपहर 1 बजे पथरौला स्कूल में और रामपुर नैकिन में शाम 3:30 बजे उत्कृष्ट विद्यालय रामपुर नैकिन में आयोजित होगा। इसके साथ ही शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर एवं जिला प्रशासन जिला अस्पताल सीधी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल नि:शुल्क कैंसर रोग परामर्श शिविर का आयोजन शनिवार 22 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला अस्पताल सीधी में किया जाएगा।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में जिला स्तर से सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, डीपीएम, डीसीएम, डीएक्यूएम, नोडल अधिकारी सिकल सेल, आयुष्मान, एनआरसी, 108, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सीएम हेल्पलाइन एवं ब्लॉक स्तर से समस्त सीबीएमओए बीपीएमए बीसीएम अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।